बी.ए.पी.सो.एच.

# मनोविज्ञान

## सत्रीय कार्य
## जुलाई 2020–2021

**बी.पी.सी.सी. 103 : व्यक्तिगत भिन्नताओं का मनोविज्ञान**
**बी.पी.सी.सी. 104 : मनोवैज्ञानिक शोध के लिए सांख्यिकी विधि–I**

इग्नू
जन–जन का विश्वविद्यालय

मनोविज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

# सत्रीय कार्य
# जुलाई 2020-2021

प्रिय शिक्षार्थी,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है कि इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक तथा सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक निर्धारित है।

**बी.पी.सी.सी–103,** 6 क्रेडिट (4 क्रेडिट सिद्धांत + 2 क्रेडिट प्रयोगात्मक) का पाठ्यक्रम है। आपको **बी.पी.सी.सी.–103** के 4 क्रेडिट के लिए निम्नलिखित अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करने होंगे। कृपया प्रयोगात्मक भाग के 2 क्रेडिट के लिए **बी.पी.सी.सी.–103** की पाठ्य सामग्री में दिये गये प्रयोगात्मक दिशा–निर्देशों का संदर्भ लिजिए।

**सत्रीय कार्य-I** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं। आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ एवं जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

**सत्रीय कार्य-II** में लघु श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

**बी.पी.सी.सी. 104,** 6 क्रेडिट (4 क्रेडिट सिद्धांत + 2 क्रेडिट ट्यूटोरियल) का पाठ्यक्रम है। आपको **बी.पी.सी.सी. 104** के 4 क्रेडिट के लिए **सत्रीय कार्य** करने होंगे। 2 क्रेडिट की ट्यूटोरियल संबंधित गतिविधि सत्रीय कार्य के भाग ब में सम्मिलित की गई है। यह गतिविधि 2 क्रेडिट की है।

**भाग अः सत्रीय कार्य-I** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं। आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ एवं जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

**सत्रीय कार्य-II** में लघु श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

**भाग बः ट्यूटोरियल** में सत्रीय कार्य के भाग ब में दी गई गतिविधि को पूरा करना होगा। इसका मूल्यांकन आपके अकादिमक परामर्शदाता करेगें। यह गतिविधि सत्रीय कार्य के अतिरिक्त की जायेगी।

**सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।** यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार हागा, तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

| **सत्र** | **सत्रीय कार्य जमा करने की तिथि** | **सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान** |
|---|---|---|
| **जुलाई 2020 एवं जनवरी 2021** | **30 सितंबर, 2020**<br>**31 मार्च, 2021** | अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक को जमा करें |

* आपको सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्दर जमा करने होंगे, जिससे आप सत्रांत परीक्षा दे सके।

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। पूर्ण किये हुए सत्रीय कार्य आपको प्रषित किये गये अध्ययन केन्द्र के संचालक को ही भेजने होते हैं।

**सत्रीय कार्य लिखने से पहले नीचे दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अनुकरण करें:**

1. आपके लिए नीचे दिए गये तथ्यों पर ध्यान केन्द्रित करना उपयोगी साबित होगा।

   **क) योजना** : सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय काय के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

   **ख) संगठन** : अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दे। उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिर्शिचत कर लें कि :

      क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

      ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

      ग) उत्तर आपके भाव, शैली आर प्रस्तुति के आधार पर सही है।

   **ग) प्रस्तुतीकरण** : जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहत हो, उन्हें रेखांकित कर दें। यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

2. अपने उत्तर लिखने के लिए A4 साइज पेपर का प्रयोग करें और सभी पेजों को ध्यानपूर्वक टैग करें। बायीं ओर 4 सेमी का हाशिया और दो उत्तरों के बीच कुछ जगह छोड़े। उपयुक्त जगहों पर छोड़े गये हाशिया में उपयुक्त टिप्पणी करने के लिए शैक्षणिक परामर्शदाता (academic counselor) की सुविधा होगी।

3. ***उत्तर आपकी स्वयं की लिखावट में होनी चाहिए।*** अपने उत्तरों को टाइप या प्रिंट न करें। विश्वविद्याय द्वारा भेजे गये अध्ययन सामग्री से अपने उत्तर की नकल न करें। अगर आप अध्ययन सामग्री से नकल करते हैं तो आपको शून्य अंक मिलेंगे।

4. आपको सत्रीय कार्य की एक प्रति पूर्ण किये सत्रीय कार्य के साथ इसे जमा करने से पहले संलग्न करनी होगी।

5. अगर आपने अध्ययन केन्द्र परिवर्तित के लिए निवेदन किया हुआ है, तो आपको सत्रीय कार्य, मूल अध्ययन केन्द्र में ही जमा करना चाहिए जब तक कि आपको विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन केन्द्र के बदलने की सूचना ना मिल जाये।

6. अगर आपको अपने सत्रीय कार्य के मूल्यांकन के पश्चात् कोई वास्तविक त्रुटि मिलती है जैसे सत्रीय कार्य का कोई हिस्सा का मूल्यांकन नहीं हुआ हो या कुल अंक जो संत्रीय कार्य पर गलत अंकित है, आदि। ऐसी त्रुटियों के सुधार के लिए और मुख्यालय में सही अंको को भेजने के लिए, अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक से संपर्क करें।

शुभकामनाओं के साथ,

**मनोविज्ञाान संकाय**
**सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,**
**इग्नू, नई दिल्ली**

## बी.पी.सी.सी.-103 : व्यक्तिगत भिन्नताओं का मनोविज्ञान
## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोडः **BPCC-103**
सत्रीय कार्य कोड : **बी.पी.सी.सी -103 /ए.एस.एस.टी./TMA/2020-21**
अधिकतम अंकः **100**

**नोटः सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

### सत्रीय कार्य - I

**निम्नलिखित वर्णनात्मक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 अंक नियत है।** **3x20=60**

1. व्यक्तित्व का मनोवेगीय सिद्धांत की व्याख्या कीजिए। 20
2. गिलफोर्ड का बुद्धि–संरचना सिद्धांत का वर्णन कीजिए। 20
3. सांवेगिक बुद्धि के संप्रत्यय और सांवेगिक बुद्धि के मॉडलों की व्याख्या कीजिए। 20

### सत्रीय कार्य - II

**निम्नलिखित संक्षिप्त श्रेणी के प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।** **8x5=40**

4. वैयक्तिक और समूह मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के बीच अंतर कीजिए।
5. एक अच्छे परीक्षण के गुणों का वर्णन कीजिए।
6. भारतीय मनोविज्ञान क्या है? इसके क्षेत्रों का वर्णन कीजिए।
7. यर्कस–डॉडसन लॉ की व्याख्या कीजिए।
8. सृजनात्मकता बढ़ाने के विभिन्न तरीको का वर्णन कीजिए।
9. शारीरिक–गतिसंवेदी बुद्धि और देशिक बुद्धि की व्याख्या कीजिए।
10. अभिक्षमता परीक्षणों की कमियों का वर्णन कीजिए।
11. प्रभावकारी आत्म–नियमन के घटकों का वर्णन कीजिए।

## मनोवैज्ञानिक शोध के लिए सांख्यिकी विधि–I (बीपीसीसी104)
## सत्रीय कार्य (टी एम ए)

पाठयक्रम कोडः बीपीसीसी 104
सत्रीय कार्य कोडः सत्रीय / टीएमए/ जुलाई 2020
कुल अंकः 100

**नोटः सभी सत्रीय कार्य अनिवार्य है।**

### अनुदेश

1. शीर्षक पृष्ठ होना चाहिए। इसमें इन विवरणों को शामिल करेंः नाम, एनरोलमेंट नंबर, ईमेल, क्षेत्रिय केंद्र, अध्यायन केंद्र, कार्यक्रम का शीर्षक और कोड, पाठ्यक्रम का शीर्षक और कोड और ट्यूटोरियल कोड।
2. A4 आकर का कागज उपयोगकीजिए।
3. तालिका बनाने के लिए कोरा कागज का उपयोगकीजिएऔर तालिक और आलेखको पेन्सिल से खीचिए।
4. आपके उत्तर अपने शब्दों में होने चाहिए।
5. सत्रीय कार्य तथा ट्यूटोरियल हस्तलिखित होना चाहिए ।

### भाग क

### सत्रीय कार्य1

**नोटः** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों (जहाँ कहीं भी उपयुक्त हो) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का हैं।

3 x 20 = 60

1. सांख्यिकी की मूल अवधारणाओं को स्पष्ट कीजिए एवं इस पर चर्चा कीजिए।

2. रेखीय सहसंबंध क्या है? निम्नलिखित आकड़ों के लिए पियरसन का गुणन आघूर्ण सहसम्बन्ध की गणना कीजिए।

| व्यक्ति | क | ख | ग | ध | ड | च | छ | ज | झ | ण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संवेगात्मक बुद्धिमत्ता मापनी के प्राप्तंक | 23 | 24 | 45 | 32 | 33 | 31 | 20 | 17 | 19 | 10 |
| उपलब्धि अभिप्ररणा मापनी के प्राप्तंक | 21 | 22 | 43 | 36 | 37 | 30 | 21 | 19 | 20 | 8 |

## सत्रीय कार्य 2

**निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों; (जहाँ कहीं भी उपयुक्त हो) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का हैं।** $8 \times 5 = 40$

3. परिकल्पना परीक्षण की व्याख्या कीजिए।

4. निम्नलिखित आंकड़े के लिए माध्य, मध्यिका और बहुलक की गणना कीजिएः

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | 44 | 54 | 45 | 54 | 33 | 23 | 34 | 33 | 33 |

5. आकृति की सहायता से बार ग्राफ पर चर्चा करें।

6. निम्नलिखित आँकड़ों के लिए मानक विचलन की गणना कीजिएः

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | 12 | 23 | 12 | 14 | 15 | 16 | 19 | 20 | 25 |

7. सहसंबंध के उपयोग और सीमाओं का वर्णन कीजिए।


8. प्रसामान्य वितरण वक्र के गुणों का वर्णन कीजिए।

## भाग ख
## ट्यूटोरियल

पाठयक्रम कोडः बीपीसीसी 104
ट्यूटोरियल कोडः ट्यूटोरियल / जुलाई 2020
कुल अंकः 30

**नोटः निर्देशानुसार क्रियाकल्प को पूरा कीजिए।समीक्रियाकल्प अनिवार्य हैं। 30 अंक**

**क्रियाकल्प 1: निचे दिए गए आलेख को देखें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दोजिए। 10 अंक**




1. यह किस प्रकार का आलेख है?

2. y अक्ष और x अक्ष क्या दर्शाते हैं?
3. आयु समूहों का वर्ग अंतराल क्या है?
4. वर्ग अंतराल के लिए किस विधि का उपयोग किया गया है?
5. चर अ पर किस श्रेणी के उच्चतम माध्य प्राप्तंकहैं?
6. चर अ पर किस श्रेणी के न्यूनतम माध्यप्राप्तंक हैं?
7. 64 से नीचे कितने श्रेणियों (आयु वर्ग ) ने चर अ पर माध्य प्राप्तंकप्राप्त किए हैं?
8. 63 से ऊपर कितने श्रेणियों (आयु वर्ग) ने चर अ पर माध्य प्राप्तंकप्राप्त किए हैं?
9. 61 का माध्य प्राप्तांक किस श्रेणी (आयु वर्ग) द्वारा प्राप्त किया गया है?
10. 56 का माध्य प्राप्तांक किस श्रेणी (आयु वर्ग) द्वारा प्राप्त किया गया है?

**क्रियाकल्प 2**: 30 कार्यरत व्यक्तियों से आँकड़ा एकत्र कीजिएऔर उनसे उनको प्रथम नौकरी में नियुक्ति के समय की आयु के विषय में पूछिए । प्राप्त आँकड़े के लिए माध्य, मध्यिका, बहुलक और औसत विचलन की गणना कीजिए। असंसाधित आँकड़ का सारणीकाण कोजिएऔर बीपीसीसी 104पठय सामग्री में चर्च किए गए सूत्रों की सहायता से परिकलन कीजिये। 1**0 अंक**

**क्रियाकल्प 3**: बीपीसीसी 104से अपनी पसंद की किसी एक इकाई को लें और लगभग 1000 शब्दों में उसकी समीक्षा लिखिए। समीक्षा आपके अपने शब्दों में होनी चाहिए और इकाई केमहत्वपूर्ण पहलुओं को समावस्था करना चाहिए ।

**10 अंक**

**शुभकामनाएं**